प्रेषक,

चन्द्र प्रकाश तिवारी–।
प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
गाजीपुर
(जे0ओ0 कोड यू0पी06023)

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
गाजीपुर।

विषयः **माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति, गाजीपुर महोदय द्वारा Self Assesment Period 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 हेतु दी गयी वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन**

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी वर्तमान में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गाजीपुर के पद पर कार्यरत है। अधोहस्ताक्षरी के 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक के कार्यकाल के सम्बन्ध में वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के सम्बंध में जानकारी माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की साईड ''ई सर्विसेज'' के माध्यम से दिनांक 12 मार्च 2024 को प्राप्त हुई।

माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति महोदय द्वारा अधोहस्ताक्षरी को दी गयी वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के सम्बंध में निम्नलिखित तथ्य निवेदन करने की याचना अधोहस्ताक्षरी कर रहा है –

1. तत्कालीन जनपद न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र सिंह–।। दिनांक 31.12.2022 को सेवानिवृत्त हुए थे और दिनांक 01.01.2022 से दिनांक 03.01.2022 तक जनपद न्यायाधीश, गाजीपुर का पद रिक्त था, इस वजह से माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति महोदय द्वारा मेरी वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि प्रदान की गयी।

2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपने स्व–मूल्यांकन प्रलेख के बिन्दु संख्या–2 में यह उल्लेख किया गया है कि उसे कुल अपेक्षित कार्य 751.12 यूनिट दिये जाने की आवश्यकता थी, जबकि अधोहस्ताक्षरी द्वारा कुल 2547. 75 यूनिट का कार्य किया गया था।

3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपने स्व–मूल्यांकन प्रलेख में 10 वर्ष से अधिक पुराने कुल 124 केस गुण–दोष के आधार पर निर्णीत किया गया।

4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा कुल 45 केस पॉच वर्ष से पुराने गुण–दोष के आधार पर निर्णीत किये गये।

5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा एक्शन प्लान से सम्बंधित दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन में एक्शन प्लान से सम्बंधित मामलों को विहित समय सीमा में निर्णीत किया गया।

6. अधोहस्ताक्षरी की प्रशासनिक कार्य क्षमता, बार एसोसियेशन के सदस्यों से सम्बन्ध, महिलाओं के प्रति आदर एवं सेन्सटिविटी तथा वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारीगण के साथ सम्बन्ध अच्छा रहा है।

7. माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति महोदय द्वारा Annual Remark Colum में Overall Assesment of the Officer is "Average" और इण्टीग्रीटी "Certified" अंकित किया गया है।

इस सम्बन्ध में महोदय से निवेदन है कि –

. माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति महोदय जब दिनांक 23.04.2022 को जनपद न्यायालय गाजीपुर निरीक्षण हेतु आये थे, तब एक अधिवक्ता द्वारा माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति महोदय को शिकायत के तौर पर एक निर्णय विशेष सत्र परीक्षण संख्या–82/2000, राज्य प्रति संजय कुमार एवं अन्य की प्रति दी गयी थी, जिसका उल्लेख माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति महोदय द्वारा अपने Annual Remark में किया गया है।

माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति महोदय द्वारा सम्भवतः इसी शिकायती तथ्य से नाराज होकर अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये निर्णयों पर टिप्पणी करते हुए Overall Assesment of the Officer is "Average" की प्रविष्टि प्रदान की गयी, ऐसा प्रतीत होता है।

अधोहस्ताक्षरी वर्तमान में अपर जिला जज की श्रेणी में लगभग वरिष्ठतम है और निकट भविष्य में अधोहस्ताक्षरी को अपर जिला जज कैडर से जिला जज कैडर में प्रोन्नत होने एवं सुपर टाईम स्केल प्राप्त करने की स्थिति में भी उक्त रिमार्क "Average" के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो सकती है।

उपरोक्त सन्दर्भ में अधोहस्ताक्षरी विनम्रतापूर्वक यह भी निवेदन करता है कि अधोहस्ताक्षरी के 20वर्षो के लम्बे न्यायिक कार्यकाल के दौरान किसी भी स्तर पर अधोहस्ताक्षरी के विरूद्ध कोई विपरीत टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है, साथ ही साथ अधोहस्ताक्षरी की वार्षिक टिप्पणी भी सदैव अच्छी रही है।

इस कारण माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति महोदय द्वारा प्रदान किये गये रिमार्क "Average" को उच्चतर श्रेणी में करने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष यह प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

<u>प्रार्थना</u>

अतः विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति महोदय द्वारा निर्णयों पर अंकित की गयी टिप्पणी को समाप्त करते हुए Annual Remark "Average" को उच्चतर श्रेणी में करने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें, जिससे अधोहस्ताक्षरी के कैरियर पर भविष्य में कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े ।

प्रार्थी इस हेतु माननीय महोदय का सदैव आभारी रहेगा।

सादर

भवदीय

दिनांक 13.03.2024

(चन्द्र प्रकाश तिवारी–1)
प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
गाजीपुर।
(जे0ओ0 कोड यू0पी06023)

क्रमांक 527/XV दिनांक 13-03-2024
अग्रसारित
जनपद न्यायाधीश
गाजीपुर
13.3.2024